05/11/2024

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि भारत धम्म की पवित्र भूमि है और हर युग में यहां महान गुरु और रहस्यवादी हुए हैं। नई दिल्ली में पहले एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि इन पथ प्रदर्शकों में बुद्ध का एक अलग स्थान है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज जब दुनिया कई मोर्चों पर अस्तित्व के संकट का सामना कर रही है, तो बौद्ध समुदाय के पास मानव जाति को देने के लिए बहुत कुछ है। उन्होंने एशिया को मजबूत बनाने में बौद्ध धर्म की भूमिका और यह कैसे एशिया और दुनिया में वास्तविक शांति ला सकता है, इस पर चर्चा करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म का केंद्रीय संदेश शांति और अहिंसा पर केंद्रित है और इस बात पर प्रकाश डाला कि आज दुनिया को करुणा की आवश्यकता है।

0000000000000000

संसद का शीतकालीन सत्र पच्चीस नवंबर से बीस दिसंबर तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि छब्बीस नवंबर को संविधान को अपनाने की पचहत्तरवीं वर्षगांठ संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में मनाई जाएगी।

000000000000000

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है, जहां ग्यारह भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्राप्त है। उन्होंने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय हिंदी समिति की बत्तीसवीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। हाल ही में पांच और भारतीय भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने पर प्रकाश डालते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय भाषाओं के संरक्षण, संवर्धन और व्यापक उपयोग के लिए कई पहल की हैं। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों ने दो हजार चौदह से दो हजार चौबीस तक की अवधि को भारतीय भाषाओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए समर्पित युग बना दिया है।

0000000000000000000

प्रदेश लोक सेवा आयोग (एपीपीएससी) अध्यक्ष प्रो. प्रदीप लिंगफा और सचीव पारुल गोर मित्तल ने आज मुख्यमत्री पेमा खांडू से सिविल सचिवालय कार्यालय में मुलाकात की। सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए श्री खांडू ने कहा कि इस दौरान एपीपीएससी को सशक्त बनाने और सभी भर्ती परीक्षा को पारदर्शी और निष्पक्ष कराने को सुनिश्चित करने के साथ - साथ एपीपीएससी से जूड़े विभिन्न उपायों पर विचार विमर्श किया गया। श्री खांडू ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज तक स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग में पचास पदों के लिए पांच परीक्षाए आयोजित किए जा चुके है। उन्होंने खुली प्रतियोगिता के जरिए एपीपीएससी के नए लोगो को अंतीम रुप दिए जाने पर भी प्रसन्नता व्यक्त की।

000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनायक ने पिछले रविवार को कोलकाता के राजभवन में पश्चिम बंगाल के अपने समकक्ष डॉ. सीवी आनंद बोस से मुलाकात की और उन्हें अरुणाचल के विविध समुदायों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाई। राज्यपाल परनायक ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में छब्बीस प्रमुख जनजातियाँ और सौ से ज़्यादा उप-जनजातियाँ हैं, जिनमें से हर एक की अपनी अलग-अलग संस्कृति और परंपराएँ हैं। उन्होंने सांस्कृतिक और शैक्षिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों का प्रस्ताव रखा, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि इससे दोनों राज्यों के युवाओं को एक-दूसरे के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करने और उनके बीच मज़बूत संबंध बनाने में मदद मिलेगी।

0000000000000000000

नाहरलगुन के गालो हेरिटेज सेंटर सह मोपिन ग्राउंड में आज समुदाय के महिलाओं के सम्मान में गालो समुदाय ने न्यिरमेन बांगी आलो का आयोजन किया। यह वार्षिक उत्सव समुदाय में गालो महिलाओं के अमूल्य योगदान को मान्यता देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस मौके पर विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतिया, भाषण और समाजिक कल्याण, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में गालो महिलाओं की भूमिका और उपलब्धियों पर रोशनी डालते हुए इंटरैक्टिव सत्र भी रखा गया। उपस्थित लोगों ने अपनी साझा पहचान पर गर्व व्यक्त किया और गालो महिलाओं की भावी पीढ़ियों को सशक्त बनाने, समुदाय के भीतर एकता और ताकत की भावना को बढ़ावा देने के तरीको पर चर्चा की। कार्यक्रम को XWrmen Bangii सेलिब्रेशन कमिटि आई सी आर दो हजार चौबीस ने आयिजित किया।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के तिब्बत समर्थन समूह (टीएसजीएपी) ने केंद्रीय तिब्बतिय प्रशासन सिकयोंग पेनपा सेरिंग के नेतृत्व में चीन और तिब्बत के बीच दशको से चले आ रहे संघर्ष को बातचीत के द्‌वारा सी टी ए समाधान खोजने के लिए अपने आह्वान को फिर से दोहराएगा। वेस्ट कामेंग जिले के तेनजिंगाव में चार दिवसीय दौरे पर आए पेनपा सेरिंग के साथ बैठक में टीएसजीएपी ने अपनी बात रखी। दौरे पर आए प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए, टीएसजीएपी के अध्यक्ष तारह ताराक ने कहा कि समूह तिब्बती स्वतंत्रता संग्राम को समर्थन देना जारी रखेगा, साथ ही अरुणाचल प्रदेश में रहने वाले तिब्बती समुदाय के बुनियादी कल्याण के लिए काम करने का आश्वासन भी दिया।

0000000000000000000

भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) की छात्र फिल्म 'सनफ्लावर्स वेयर द फर्स्ट वन्स टू नो' ने लाइव एक्शन शॉर्ट फिल्म श्रेणी में दो हजार पच्चीस के ऑस्कर के लिए अर्हता प्राप्त कर ली है। एफटीआईआई के छात्र चिदानंद एस नाइक द्‌वारा निर्देशित यह कन्नड़ भाषा की लघु फिल्म भारतीय लोक कथाओं और परंपराओं से प्रेरित है। इस फिल्म ने इस साल की शुरुआत में कान फिल्म महोत्सव के ला सिनेफ चयन में प्रथम पुरस्कार जीता था। कान में ला सिनेफ जूरी ने फिल्म की रोचक कहानी और बेहतरीन निर्देशन के लिए इसकी सराहना की थी।

000000000000000000

चांगलांग जिले में सोमवार को अस्पताल ले जाते वक्त इंमेर्जेंसी मेडिकल टेक्नीशन (ईएमटी) ने एक महिला को एंबूलेंश में एक स्वस्थ्य बच्ची की जन्म देने में मदद की। एंबूलेंश गर्भवती महिला को चांगलांग के सिकाओ गांव से मियाओ कम्यूनिटी हेल्थ सेंटर ले जा रहा था, रास्ते में गर्भवती महिला को तेज प्रसव पीड़ा होने पर नोमरोई जुगली ईएमटी ने तुरंत नर्स की भूमिका निभाते हुए अत्यत सटीकता के साथ महिला को एक बच्ची को जन्म देने में मदद की। बताया गया है कि प्रसव के बाद माँ और नवजात शिशु दोनों स्वस्थ्य है। प्रसव के बाद देखभाल के लिए सीएचसी मियाओं में भर्ती कराया गया है।

0000000000000000000